आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 20.11.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- आदि कैलाश के बाद अब पर्यटन विभाग नीति घाटी में अल्ट्रा मैराथन आयोजित करेगा।
- पौड़ी गढ़वाल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।
- टिहरी जिले के बूढ़ा केदार धाम में इस वर्ष भी गुरु कैलापीर दीपावली बग्वाल आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई।
- चमोली जिले के एस्ट्रो विलेज, बेनीताल में कल से एस्ट्रोवीक सीज़न–3 का आयोजन।

## अल्ट्रा मैराथन

हाल ही में पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश में अल्ट्रा मैराथन आयोजित की गई थी। इससे सरकार और पर्यटन विभाग खासा उत्साहित है। अब पर्यटन विभाग इसी तर्ज पर नीति घाटी में भी अल्ट्रा मैराथन आयोजित करेगा। पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि आदि कैलाश के बाद अब नीति घाटी में भी अल्ट्रा मैराथन आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है। यह मैराथन मई महीने में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले आयोजित की जाएगी।

## एसएसपी निर्देश

पौड़ी गढ़वाल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने पुलिस लाइन पौड़ी में मासिक अपराध समीक्षा बैठक में सभी थानाप्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोनल चेकिंग अधिकारी को रात्रि ड्यूटी के दौरान प्रत्येक एक घंटे की लोकेशन अनिवार्य रूप से ग्रुप में साझा करने को कहा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नशा तस्करी और अवैध मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए इसमें लिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, बाजारों में घटित होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महिला संबंधित अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत पर तत्काल प्रतिक्रिया देने के साथ ही स्कूल, कॉलेजों में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और विद्यालय मार्गों में पेट्रोलिंग को मजबूत करें। इस दौरान अक्टूबर माह में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

## औद्योगिक स्मार्ट सिटी

ऊधमसिंह नगर जिले के खुरपिया फार्म में एक हजार दो एकड़ भूमि पर औद्योगिक स्मार्ट सिटी विकसित होगी। इसके आधारभूत ढांचे को कैसे विकसित किया जाए, इसे लेकर औद्योगिक विकास सचिव विनय शंकर पांडेय ने सिडकुल महाप्रबंधक सौरभ गहरवार के साथ आवंटित औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने प्राग फार्म में एक हजार 354 एकड़ भूमि में प्रस्तावित सिडकुल का भी निरीक्षण किया। श्री पाण्डेय ने सिडकुल के पंतनगर कार्यालय सभागार में उद्यमियों के साथ उद्योग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। सिडकुल पंतनगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष बिष्ट ने बताया कि औद्योगिक विकास सचिव ने खुरपिया फार्म और प्राग फार्म को विकसित करने के संबंध में निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि अमृतसर–कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत खुरपिया फॉर्म में औद्योगिक स्मार्ट सिटी की केंद्र सरकार ने सौगात दी है। इस पर करीब 28 हजार 602 करोड़ रुपये निवेश होने का अनुमान है। इस भूमि पर 12 परियोजनाएं भी प्रस्तावित है। खुरपिया में एक हजार दो एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के लिए आवंटित की गई है।

## दीपावली बग्वाल

टिहरी जिले में भिलंगना विकासखंड के बूढ़ा केदार धाम में इस वर्ष भी गुरु कैलापीर दीपावली बग्वाल आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्तिक दीपावली के ठीक एक माह बाद मनाई जाने वाली गुरु कैलापीर बग्वाल क्षेत्र की अनोखी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, जो हर वर्ष स्थानीय निवासियों के साथ ही दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचती है। बग्वाल पर्व के दौरान पुंडारा के विशाल सेरे में बड़ी संख्या में लोगों भीड़ उमड़ी। परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने 'भैलो' घुमाकर धार्मिक विधि से मंगशीर बग्वाल मनाई। पूरा परिसर ढोल–दमाऊं, रणशिंगे और दैवी गीतों की गुंजायमान रहा। स्थानीय लोगों ने इसे अपनी आस्था, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक बताया। लखनऊ से आई सुगंधा गुसाईं ने बताया कि वह हर वर्ष इस दीपावली को मनाने अपने मायके परिजनों के साथ आती हैं।

## खगोलीय उत्सव

चमोली जिले के एस्ट्रो विलेज, बेनीताल में कल से एस्ट्रोवीक सीज़न–3 का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के पहले एस्ट्रो–विलेज में आयोजित यह चार दिवसीय खगोलीय उत्सव प्रतिभागियों को स्वच्छ और अंधियारे आसमान के बीच अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम में सूर्योदय शूट, लैंडस्केप और नेचर फोटोग्राफी, यूनिस्टेलर टेलीस्कोप डेमो, जुपिटर व डीप स्काई ऑब्जर्वेशन, चंद्रमा और "होलि ग्रेल" एस्ट्रोफोटोग्राफी जैसे सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न कार्यशालाओं, खगोलीय चर्चाओं, उन्नत फोटोग्राफी प्रशिक्षण तथा बोनफायर के साथ तारों की कहानियाँ कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाएंगी। 24 नवम्बर को स्टार ट्रेल्स, डीप–स्काई रैप–अप और समूह फोटो के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जिला पर्यटन अधिकारी अरविन्द गौड़ ने बताया कि एस्ट्रोवीक का उद्देश्य खगोल–विज्ञान, पर्यटन और शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि प्रतिभागी बेनीताल के निर्मल आसमान के नीचे अनोखे खगोलीय सौंदर्य का अनुभव कर सकें।

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार

चम्पावत जिले के प्रगतिशील किसान प्रदीप पंगरिया का राष्ट्रीय किसान सम्मान गोपाल रत्न के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के मौके पर 26 नवम्बर को उन्हें सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय गोपाल रत्न किसान सम्मान के तहत उत्तराखंड को दो पुरस्कार मिले हैं। इनमें स्वदेशी नस्ल की बदरी गाय के लिए प्रदीप पंगरिया और डेरी सहकारी समिति के लिए कुल्हा दुग्ध उत्पादन समिति, ऊधमसिहं नगर को चुना गया है। प्रदीप पंगरिया ने बताया कि उन्होंने सितम्बर माह में आवेदन किया था। इसमें उन्हें स्वदेशी नस्ल की बदरी गाय के लिए चुना गया।

## स्वास्थ्य शिविर

रुद्रप्रयाग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला कारागार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण, सामान्य रोगों की जाँच, रक्तचाप, शुगर आदि की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए। बंदियों को दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों और कारागार कर्मियों को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं, परामर्श तथा आवश्यक चिकित्सीय जांच उपलब्ध कराना था।